# ARCEE INDUSTRIES LIMITED

Regd. Off. & Works : 7th K.M. Barwala Road, Talwandi Rana, Hisar-125 001, INDIA
Ph. : 01662-276178 Mobile : 98120-20111/40111/40222 Fax : 01662-276145
E-Mail : arceeind@rediffmail.com CIN: L29120HR1992PLC031681


**03.08.2022**

Corporate Relationship Department,
The BSE Limited
Phiroze Jeejeebhoy Tower,
Dalal Street, MUMBAI- 400 001.
SECURITY CODE NO. 520121

**Sub :- NEWSPAPER PUBLICATION FOR NOTICE OF BOARD MEETING TO CONSIDER THE UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30.06.2022.**

**Dear Sir/Madam.**

Pursuant to Our Letter 01/08/2022 inform you that a meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Regd. Office 7th K.M, Barwala Road, Talwandi Rana, Hisar (Haryana) on Saturday, 13th August, 2022 inter-alia, to consider and approve the unaudited financial results for the quarter ended on 30.06.2022. We hereby enclose copies of the Notice Publish in (The Financial Express) English Newspaper and (Jansatta) Hindi newspaper on 03/08/2022.

**This is for your information in your records.**

**Thanking you,**

**Yours faithfully,**
**For: ARCEE INDUSTRIES LIMITED**

Srishti

**(SRISHTI)**
**COMPANY SECRETARY &**
**COMPLIANCE OFFICER**

## सामूहिक बलात्कार कांड में तीन युवक गिरफ्तार

### कांगड़ा जिले के देहरा में हुई यह शर्मनाक घटना

धर्मशाला, 2 अगस्त (जनसत्ता)।

कांगड़ा जिले के देहरा में एक युवती से सामूहिक बलात्कार का मामला सामने आने के बाद पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में संलिप्त चौथा आरोपी फरार हो गया है।

उप पुलिस अधीक्षक अंकित शर्मा के मुताबिक, इस बाबत देहरा के एक गांव की 21 वर्षीय युवती ने पुलिस को शिकायत दी थी। इसमे बताया गया कि चार युवकों ने उसे फोन कर बुलाया और फिर उसके साथ सभी ने बलात्कार किया। अधिकारी के अनुसार मामला दर्ज कर पुलिस ने इनमे से दो आरोपियों को देहरा के वार्ड 3 से जबकि बिहार के निवासी दूसरे प्रवासी और तीसरे को चंबा पत्तन के नाहन नगरोटा से काबू कर लिया है और एक अभी मौके से फरार है। पुलिस उसे पकड़ने का प्रयास कर रही है। इसके लिए बाकायदा एक कमेटी का गठन भी किया गया है। जबकि पीड़िता का मेडिकल परीक्षण करवाया जा रहा है। इसकी जांच रिपोर्ट आने के बाद ही इसका खुलासा हो सकेगा। उप पुलिस अधीक्षक के मुताबिक पुलिस आरोपियों से कड़ी पूछताछ कर रही है ताकि मामले की तह तक पंहुचा जा सके।

## डोहरनी सहित तीन नालों में बाढ़ ने सड़क का नामोनिशां मिटाया

### प्रशासन ने सुरक्षित निकाले सभी सैलानी, वाहन चालकों को सड़क बहाली की प्रतीक्षा, ग्राम्फु-बातल मार्ग बहाली की बुधवार तक उम्मीद

कुल्लू, 2 अगस्त (जनसत्ता)।



लाहौल में ग्राम्फु बातल मार्ग बहाल करना बीआरओ के लिए चुनौती बना गया है। डोहरनी सहित तीन जगह नालों में आई बाढ़ से सड़क का नामोनिशान मिट गया है। बीआरओ युद्धस्तर पर सड़क की बहाली में जुटा हुआ है। मंगलवार सुबह से सड़क बहाली के कार्य जारी है। प्रशासन ने सभी राहगीरों को सुरक्षित निकाल लिया है। कुछ पर्यटकों का सामान भी गाड़ियों में रह गया था। जिसे मजदूरों की मदद से पर्यटकों तक पहुंचा दिया गया है। अब कोई भी राहगीर छतड़ू में नहीं फंसा है लेकिन वाहन चालकों को सड़क बहाली का इंतजार है।

वाहन चालक नरेंद्र और दीपक ने बताया कि रास्ता बहाल होता न देख अब वाहन चालक भी छतड़ू से मनाली आ गए हैं। कुछ एक वाहन चालक ही अब छतड़ू में रुके हुए हैं। उन्होंने कहा कि वे मनाली आ गए हैं अब रास्ता खुलने के बाद ही अपने वाहनों को लेने छतड़ू जाएंगे। उन्होंने बताया कि कई जगह सड़क का नामोनिशान ही मिट गया है। बीआरओ इस जगह नए सिरे से सड़क निर्माण कर रहा है।

दूसरी और कोकसर रोहतांग मार्ग पर भी राक्षी ढांक के पास भारी भरकम चट्टानें गिर जाने से रास्ता बंद हो गया। बीआरओ ने कुछ ही घंटों में इसे बहाल कर लिया। बीआरओ कमांडर कर्नल शबरिश वाचली ने बताया कि बारिश से सड़क को भारी नुकसान हुआ है। बीआरओ युद्धस्तर पर सड़क बहाली में जुटा हुआ है। बुधवार तक सड़क बहाल होने की उम्मीद है। उधर, एसपी लाहुल स्पीति व वर्मा ने बताया की तीन दिन से बन्द तांदी संसारी मार्ग पर भी छोटे वाहनों की आवाजाही सुचारु हो गई है।

## राज्यपाल ने शहीद विक्रम बत्तरा और सौरभ कालिया को दी श्रद्धांजलि

धर्मशाला, 2 अगस्त (जनसत्ता)।

कांगड़ा जिले के दो दिनी प्रवास पर पहुंचे राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने मंगलवार को पालमपुर में सौरभ वन विहार का दौरा किया और शहीद कैप्टन सौरभ कालिया की प्रतिमा पर फूल माला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर उन्होंने सौरभ वन विहार में पालमपुर वन मंडल, जिला रेडक्रॉस सोसाइटी और इन्नर व्हील क्लब के साझा कार्यक्रम में पीपल का पौधारोपित कर वन महोत्सव का शुभारंभ किया। इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि करगिल युद्ध के दौरान हिमाचल के वीर सपूतों ने देश की सरहदों की हिफाजत के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उनके इस बलिदान को हमेशा याद किया जाता रहेगा। लिए उन्होंने सौरभ वन विहार में हुए विकास कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि इसके जरिए भावी पीढ़ियों को देशभक्ति और समर्पण की प्रेरणा मिलेगी। इसके बाद, राज्यपाल ने परमवीर चक्र विजेता शहीद कैप्टन विक्रम बत्तरा के बंदला स्थित आवास में शहीद के माता-पिता से मुलाकात कर संवेदनाएं व्यक्त कीं। शहीद विक्रम के पिता गिरधारी लाल बत्तरा ने राज्यपाल से अपने बेटे से जुड़ी यादें साझा कीं। राज्यपाल कैप्टन सौरभ कालिया के घर भी गए। वहां और शहीद के पिता डॉ. एनके कालिया से भेंट करने के बाद आर्लेकर भावुक हो गए।

बाद में राज्यपाल ने सौरभ स्मारक कक्ष में जाकर उनकी शहादत को अकीदत पेश की। इस मौके पर डॉ. निपुण जिंदल और जिला पुलिस प्रमुख डॉ. खुशाल शर्मा भी मौजूद थे।

## बघेल, सचिन 7 अगस्त से राजधानी में, कार्यकर्ताओं का मन टटोलेंगे

शिमला, 2 अगस्त (जनसत्ता)।

प्रदेश में विधानसभा चुनावों के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से नियुक्त मुख्य पर्यवेक्षक छतीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व पर्यवेक्षक सचिन पायलट और प्रताप सिंह बाजवा 7 अगस्त से राजधानी में कांग्रेस पार्टी की विभिन्न समितियों व अग्रणी संगठनों से बैठकें कर फीडबैक लेंगे। ये तीनों पर्यवेक्षक अपनी नियुक्ति के बाद पहली बार राजधानी पहुंच रहे हैं।

इस दौरान ये तीनों नेता कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्षों सहित पार्टी के सभी विधायकों, चुनाव समितियों के अध्यक्षों, चुनाव प्रचार समिति, घोषणापत्र, समन्वय, चुनाव प्रबंधन, अनुशासन समिति, प्रचार प्रसार समिति, मीडिया व सोशल मीडिया समिति, अनुसंधान समिति, सोशल मीडिया विभाग व मीडिया विभाग के अध्यक्ष हिमाचल प्रदेश से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव, पूर्व प्रदेश अध्यक्षों एवं अग्रणी सगंठनों के प्रदेश अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। बैठक में प्रदेश में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों और इसकी रणनीति को अंतिम रूप दिया जाएगा।

इन बैठकों में अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य प्रदेश मामलों के प्रभारी राजीव शुक्ला, सह प्रभारी गुरकीरत सिंह कोटली, संजय दत्त व तजेंद्र पाल बिट्टू भी उपस्थित रहेंगे। पार्टी के महासचिव रजनीश किमटा ने कहा कि 8 अगस्त को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस की आम सभा भी होगी। इस सभा मे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के चुनाव पर्यवेक्षक, प्रदेश प्रभारी, सह प्रभारी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष,कार्यकारी अध्यक्ष, विधायक, पूर्व विधायक, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्यों आदि को भी बुलाया गया हैं।

## कोरोना: एक दिन में दो की मौत, 834 और चपेट में

शिमला, 2 अगस्त (जनसत्ता)।

प्रदेश में कोरोना संक्रमण से पिछले 24 घंटों में दो और मरीजों ने दम तोड़ दिया है जबकि 834 नए मामले सामने आए हैं।

इसके साथ ही प्रदेश में कोरोना संक्रमण के सक्रिय मामलों का आंकड़ा बढ़कर 5,402 तक पहुंच गया है। जबकि कुल मामले तीन लाख 1 हजार 214 तक पहुंच गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी आकड़ों के मुताबिक शिमला में 66 साल की एक महिला को मधुमेह व अन्य बीमारियां थी। उन्हें कोविड हो गया और उनकी हालात बिगड़ती गई और उसने दम तोड दिया । उधर कांगडा में 57 साल के एक मरीज को कैंसर की समस्या थी। उसे कोविड न्यूमोनिया हो गया व उसकी मौत हो गई। कांगडा में अब तक कोरोना संक्रमण से सबसे ज्यादा 1253 मौतें हो चुकी है जबकि जिला शिमला इस मामले में दूसरे नंबर पर हैं। शिमला में कोरोना संक्रमण से अब तक 719 मौतें हो चुकी हैं। प्रदेश में कोरोना संक्रमण से मरने वालों का आंकड़ा बकर 4146 तक पहुंच गया है।

पिछले 24 घंटों में जिला कांगड़ा में सबसे ज्यादा 180 नए मामले सामने आए हैं जबकि शिमला में 170, मंडी में 143, हमीरपुर में 95, बिलासपुर में 59, चंबा में 41, किन्नौर में 10, कुल्लू में 26, लाहौल स्पीति में 2, सिरमौर में 9, सोलन में 63 और ऊना में 36 नए मामले सामने आए हैं। आज एक हजार दो मरीज ठीक भी हुए हैं अब तक ठीक होने वाले मरीजों का आंकड़ा दो लाख 91 हजार 646 तक पहुंच गया हैं।

## राज्यपाल 3 और 4 अगस्त को सराज में

मंडी, 2 अगस्त (जनसत्ता)।

राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर 3 और 4 अगस्त को मंडी जिले के सराज क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। एसडीएम थुनाग पारस अग्रवाल ने बताया कि राज्यपाल 3 अगस्त को दोपहर बाद 1.30 बजे थुनाग में लोक विश्राम गृह के सभागार में महिला मंडलों से संवाद कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इसके उपरांत वे बागवानी कॉलेज थुनाग के कार्यक्रम में भाग लेंगे। उनका रात्रि ठहराव लोक विश्राम गृह थुनाग में रहेगा।

राज्यपाल 4 अगस्त को प्रातः 10 बजे थुनाग में रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर और हरियाली अभियान का शुभारंभ करेंगे। इसके उपरांत वे राजकीय डिग्री कॉलेज लंबाथाच के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। उनका सायं 3 बजे शिमला प्रस्थान का कार्यक्रम है।

## जय राम सरकार ने प्रदेश को कर्ज में डुबोया: राम लाल

शिमला, 2 अगस्त (जनसत्ता)।

कांग्रेस चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व कांग्रेस विधायक रामलाल ठाकुर ने मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पर आरोप लगाया है कि उन्होंने प्रदेश को बुरी तरह कर्ज में डुबो दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश में कर्ज के पिछले सारे रिकार्ड तोड़ दिए है। डबल इंजन का दावा करने वाली भाजपा सरकार के दोनों इंजन पूरी तरह फेल हो गए है।

राजधानी में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में रामलाल ठाकुर ने कहा कि कर्ज के नाम पर मुख्यमंत्री प्रदेश के लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व वीरभद्र सिंह सरकार के शासनकाल के समय प्रदेश पर 35 हजार करोड़ का कर्ज था जो अब बढ़कर 70 हजार से ऊपर हो गया है।उन्होंने कहा कि वीरभद्र सिंह ने कर्ज प्रदेश के विकास कार्यो पर खर्च किया गया था। उन्होंने कहा कि भाजपा ने चुनावो के समय प्रदेश को कर्जमुक्त करने की बात कही थी पर आज प्रदेश पूरी तरह कर्ज में डूब गया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इस कर्ज को भाजपा की रैलियों और इसके आयोजन पर खर्च कर रही है। प्रदेश में चुनावों के समय मुख्यमंत्री बड़ी बड़ी घोषणाएं कर रहें है जबकि सरकार का खजाना पूरी तरह खाली है। कर्मचारियों को वेतन, भत्ते देने के भी सरकार के लाले पड़े है।

रामलाल ठाकुर ने केंद्र सरकार के जल जीवन मिशन के पैसे के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने पानी की पाइपें तो बिछा दी पर उसमें जल नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के इतिहास में पहली बार इस मिशन के तहत ठेकेदारों को पाईप खरीद के लिये करोड़ो अग्रिम दे दिए जबकि पूरी पाईप अभी तक नहीं आई है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन व पार्टी के प्रचार में सड़कों के किनारे करोड़ों रूपये के प्रचार पर खर्च किये जा रहें है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चुनाव नजदीक आते ही भाजपा के केंद्रीय नेताओं, प्रधानमंत्री के दौरे शुरू होने वाले है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार प्रधानमंत्री से बिलासपुर के कोठीपुरा में बने एम्स का उद्घाटन करवाने की फिराक में है जबकि अभी यह अधूरा है।

### श्रीनैना देवी मंदिर ट्रस्ट में धाधलियां

रामलाल ठाकुर ने श्रीनैना देवीजी मंदिर ट्रस्ट के पैसे का दुरुपयोग करने का आरोप भी लगाया है। उन्होंने हैरानी जताई कि पिछले पांच साल से इस मंदिर में अधिकारी की नियुक्ति ही नहीं हुई। उन्होंने कहा कि यह नियुक्ति सरकार इसलिए नहीं कर रही है जिससे ट्रस्ट के पैसे को हजम कर सकें। रामलाल ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में अगली सरकार कांग्रेस की ही बनेगी। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी से निपटने में जयराम सरकार पूरी तरह विफल रही है और अब इसका जाने का समय आ गया है।

## जल जीवन मिशन के तहत केंद्र ने 336 करोड़ दिए

शिमला, 2 अगस्त (जनसत्ता)।

जल जीवन मिशन के तहत केंद्र सरकार ने हिमाचल के लिए 336.23 करोड़ रुपए की पहली किश्त जारी की हैं । यह जानकारी जल शक्ति मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर ने यहां दी।

महेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि इस साल केंद्र सरकार ने हिमाचल को 1344.94 करोड़ रुपये का वित्तीय प्रावधान किया है। इस धनराशि की पहली किश्त के रूप में प्रदेश को 336.23 करोड़ रुपये जारी कर दिए गए हैं। इस धनराशि को मिलाकर अभी तक जल जीवन मिशन को केंद्र और राज्य सरकार की ओर से कुल 3409.66 करोड़ रुपये जारी हो चुके हैं।

उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन में हिमाचल प्रदेश के उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए केंद्र सरकार ने पिछले तीन सालों के दौरान 1028.43 करोड़ की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का आभार व्यक्त करते हुए महेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत हिमाचल जैसे छोटे पर्वतीय प्रदेश को सदैव ही सहयोग प्रदान किया है।उन्होंने कहा कि हिमाचल के चार जिलों के 25 खंडों की 2518 पंचायतों के 15हजार277 गांवों के सभी परिवारों के घरों में नल लगाए जा चुके हैं। प्रदेश में अभी तक 16 लाख 33 हजार 785 या 94.57 फीसद घरों को कार्यशील नल प्रदान किए जा चुके हैं। प्रदेश सरकार ने दिसंबर 2022 तक शेष कार्य को पूर्ण करने का संकल्प लिया है और इसे तेजी से पूरा किया जा रहा है। जल शक्ति मंत्री ने बताया कि प्रदेश में जल जीवन मिशन के तहत न केवल नल लगाए जा रहे हैं बल्कि दुर्गम क्षेत्रों में स्थायी स्रोतों से बड़ी-बड़ी योजनाएं भी तैयार की जा रही हैं।

## मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोड़ने की मुहिम

**मंडी:** मतदाता पहचान पत्र को आधार संख्या से जोड़ने के लिए पहली अगस्त से मंडी जिला के सभी दस विधानसभा क्षेत्रों में एक विशेष अभियान आरंभ कर दिया गया है। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अरिंदम चौधरी ने दी। उन्होंने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची में आसान व सही पंजीकरण, मतदाता सूची को त्रुटि रहित व निरन्तर अद्यतन बनाए रखने, मतदाताओं के नामों में संशोधन तथा दोहरे व जाली पंजीकरण की रोकथाम करना है।


### आदेश

द कैन फिन होम्स लिमिटेड, शाखा कार्यालय: 4, पहली मंजिल, प्रेम नगर, अंबाला अपने अधिकृत अधिकारी के माध्यम से श्रीमती डिंपल पत्नी बाग सिंह और बाग सिंह पुत्र वीर सिंह की बिक्री विलेख सं.131 दिनांक 11.04.2018 के नाम पर ग्राम बबियाल, एच.बी. नंबर 63 अब आबादी वसंती मां कॉलोनी 'अंबाला कैंट, हरियाणा रकबा 171 वर्ग यार्ड के रूप में जाना जाता है, में खेवत नंबर 138, खतौनी नंबर 144 और खसरा नंबर 18/17 (8-0 का हिस्सा शामिल है) ), खेवत नंबर 139, खतौनी नंबर 145 और खसरा नंबर 18//18 (1-18), खेवत नंबर 141, खतौनी नंबर 147 और खसरा नंबर 18/247-17), खेवत नंबर 142, खतौनी नं 18//25(1-0) पर प्लॉट नं. 27 के हिस्से के ऊपर संपति का वह समस्त हिस्सा और अंश जिसका मापक्षेत्र -171 वर्ग गज है की उनकी गिरवी संपत्ति को श्रीमती डिंपल पत्नी बाग सिंह और बाग सिंह पुत्र वीर सिंह, दोनों निवासी: 31, वसंती मां कॉलोनी, बबियाल, अंबाला कैंट के आवासीय/वाणिज्यिक/औद्योगिक/मशीनरी का भौतिक कब्जा लेना है।

नायब तहसीलदार, अंबाला छावनी को एतदद्वारा उक्त कार्रवाई के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में प्रतिनियुक्त किया जाता है और निर्देश दिया जाता है कि यह कार्रवाई करने से पहले, दो समाचार पत्रों में 15 दिनों का नोटिस प्रकाशित किया जाए, अन्यथा कानून के अनुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उक्त समाचार पत्रों की एक प्रति दो दिनों के भीतर इस कार्यालय में प्रस्तुत की जानी चाहिए। उसका व्यय बैंक अधिकारियों द्वारा वहन किया जाएगा। यदि किसी सक्षम न्यायालय से कोई स्थगन आदेश प्रस्तुत किया जाता है, तो बैंक के मुख्य प्रबंधक द्वारा तदनुसार कार्रवाई की जाएगी।

हस्ता /
जिला मजिस्ट्रेट
अंबाला

इंडस्ट. सं 2207-2209/पेशी दिनांक 21/07/22

एक प्रति निम्नलिखित को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रेषित की जाती है।

1. पुलिस अधीक्षक, अंबाला। उनसे अनुरोध है कि ड्यूटी मजिस्ट्रेट को उनकी सुरक्षा के लिए एक बंदूकधारी प्रदान करें और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यस्थल पर पर्याप्त पुलिस बल भी उपलब्ध कराएं।
2. नायब तहसीलदार, अंबाला छावनी।
3. द कैन फिन होम्स लिमिटेड, शाखा कार्यालय 4, प्रथम तल, प्रेम नगर, अंबाला। उन्हें निर्देशित किया जाता है कि वे उस समय उपस्थित रहें और सुरक्षित संपत्तियों का भौतिक कब्जा लेने से पहले संबंधित अधिनियम, नियम, स्थगन आदेश, यदि कोई हो और गिरवी रखे गए डीड/समझौते के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करें। अपेक्षित प्रावधान और शर्तों के किसी भी उल्लंघन के मामले में यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

हस्ता /
जिला मजिस्ट्रेट
अंबाला


## टौणी देवी अस्पताल के बाहर आशा कार्यकर्ताओं की नारेबाजी

हमीरपुर, 2 अगस्त (जनसत्ता)।

आशा कार्यकर्ताओं ने मानदेय में वृद्धि को लेकर आज मंगलवार को टौणी देवी अस्पताल के बाहर अधिकारियों के विरोध में नारेबाजी की। आशा कार्यकर्ताओं का कहना था कि उन्हें पिछले दो महीने से वेतन नहीं मिला है। इसके विरोध में उन्होंने बीएमओ कार्यालय के बाहर अधिकारियों के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए। सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन की तरफ से तहसीलदार बमसन डॉक्टर आशीष शर्मा मौके पर पहुंचे और आंदोलन कर रही आशा वर्कर्स को समझाया। इस ब्लॉक में 100 से ज्यादा आशा वर्कर हैं जिन्हें जून और जुलाई महीने का मानदेय जारी नहीं हो पाया । मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग ने एमओएच डॉ संजय जगोता और सहायक नियंत्रक (वित्त) की कमेटी गठित कर उन्हें टौणी देवी भेज दिया है ताकि इस पूरे मामले में हुई लापरवाही को रिपोर्ट में दाखिल किया जाए और आशा वर्कर को शीघ्र मेहनताना वेतन के रूप में जारी किया जा सके।

कमलेश कुमारी और चंद्रेश कुमारी के नेतृत्व में आशा वर्कर्स ने अस्पताल के बाहर नारेबाजी की।


### आरसी इंडस्ट्रीज लिमिटेड

पंजी. कार्यालय एवं कार्य: 7वां के.एम बरवाला रोड, तलवंडी राना, हिसार-125001 (हरियाणा)
फोन न.: 98120-20111, 98120-40111
ईमेल आईडी: arcseind@rediffmail.com,
सीआईएन: L29120HR1992PLC031681

**सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है, सेबी (सूचीयन अनिवार्यताएँ एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियमावली, 2015 के विनियम 47 के साथ पठित विनियम 29 के अनुसार, अन्य बातों के साथ, 30 जून, 2022 को समाप्त तिमाही के लिए अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार तथा मंजूरी हेतु निदेशक मंडल की बैठक शनिवार, 13 अगस्त, 2022, को आयोजित की जाएगी।

कृते: आरसी इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता/-
(सृष्टि)
कंपनी सचिव

स्थान: हिसार (हरियाणा)
दिनांक: 01.08.2022

### सार्वजनिक सूचना

मैं, पुष्पा रंजन पत्नी अजीत रंजन, निवासी #233, दशमेश एन्क्लेव, नजदीक कम्युनिटी सेंटर, ढकोली, एसएएस नगर (मोहाली), पंजाब ने अपना नाम पुष्पा देवी से बदलकर पुष्पा रंजन रख लिया है। 20443147


## एशियन राफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए समितियां गठित

### कुल्लू में चैंपियनशिप 16 सितंबर से एशियाई देशों की 25 टीमें भाग लेंगी

कुल्लू, 2 अगस्त (जनसत्ता)।

विश्व राफ्टिंग फेडरेशन तथा इण्डियन राफ्टिंग फेडरेशन के संयुक्त तत्वावधान में एशियन राफ्टिंग चैम्पियनशिप का आयोजन कुल्लू-मनाली में 16 सितंबर से होगा। यह चैम्पियनशप 25 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। चैम्पियनशिप में एशियाई देशों की 25 टीमें भाग लेंगी और इनमें एक टीम हिमाचल प्रदेश की भी होगी। टीमों में पुरूष व महिलाएं दोनों होंगे। यह जानकारी उपायुक्त आशुतोष गर्ग ने आज यहां चैम्पियनशिप की तैयारियों को लेकर बुलाई गई प्रशासनिक समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

आशुतोष गर्ग ने कहा कि चैम्पियनशिप का शुभारंभ 16 सितंबर को मनाली में होगा जबकि समापन समारोह कुल्लू के अटल सदन में किया जाएगा। चैम्पियनशिप में 100 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। उपायुक्त ने चैम्पियनशिप की तैयारियों के लिये अलग-अलग समितियों का गठन किया है और सभी को अपने दायित्व का ईमानदारी के साथ निर्वहन करने को कहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश और जिला के लिये यह गौरव की बात है कि इतना बड़ा इवेंट पहली बार कुल्लू में हो रहा है। इससे पर्यटन को और अधिक प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि यहां का वातावरण राफ्टिंग जैसी साहसिक गतिविधियों के लिये काफी अनुकूल है।

उपायुक्त ने कहा कि राफ्टिंग का रूट निराला कॉटेज रायसन से बवेली नेचर पार्क के बीच रहेगा। यह क्षेत्र रिवर राफ्टिंग के लिये श्रेष्ठ माना जाता है।

उपायुक्त ने चैम्पियनशिप को सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया जिनमें आवास समिति, वित्तीय समिति, ड्रोन व फोटोग्राफी समिति तथा परिवहन समिति शामिल हैं।

वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े भारतीय राफ्टिंग एसोसियेशन के अध्यक्ष सौकत सिकंदर ने प्रतियोगिता के विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों तथा चेम्पियनशिप से जुड़े समस्त अधिकारियों के आवागमन सहित रहने व खाने पीने की व्यवस्था पर चर्चा की।

**सुलाह विस क्षेत्र** | दो ठाकुरों की भिड़ंत में विधानसभाध्यक्ष परमार की राह में कांटे बोने का तानाबाना तैयार

## चुनाव लड़ने की रवि की प्रतिज्ञा से बढ़ीं परमार की मुसीबतें

सुभाष मेहरा
धर्मशाला, 2 अगस्त।

सौ फीसद चुनावी मैदान में उतरने को लेकर ठाकुर रविंद्र रवि की प्रतिज्ञा से सुलाह हलके में विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार की मुसीबतों में चौतरफा इजाफा हुआ है। हालांकि रवि ने चुनाव क्षेत्र का एलान नहीं किया है मगर मैदानी जंग में भिड़ने को लेकर रवि ने अपने मातृपार्टी भाजपा को दो टूक फैसला सुना दिया है।

थुरल विधानसभा हलके के खात्मे के बाद पिछले चुनावी मुकाबले में रवि देहरा में निर्दलीय होशियार सिंह राणा से गच्चा खा गए थे। राणा अब भाजपा के शरणागत है ऐसे में सुलाह के अलावा पार्टी स्तर पर रवि के लिए कोई हलका बचता दिख नहीं रहा है। लिहाजा घर बैठने की बजाय चुनाव के लिए अड़े रवि की घोषणा अगर पार्टी के लिए पत्थर की लकीर साबित हुई तो सुलाह क्षेत्र में दो ठाकुरों की भिड़ंत में परमार के रास्ते में कांटे बिखरने का मसौदा भी तय है।

चुनावी लिहाज से कांगड़ा जिले में सुलाह में परमार अभी तक सबसे सुरक्षित माने जा रहे थे। मगर राणा को भाजपाई जनेऊ डालने और रवि के एलान के बाद पनपे इस नये बखेड़े ने परमार का रक्तचाप तेज कर रखा है। दरअसल कांगड़ा में प्रेम कुमार धूमल के ब्रिगेड कमांडर और पूर्व मंत्री रवि को देहरा में नाथने के लिए मुख्यमंत्री जय राम के प्रबंधकों ने राणा को भाजपाई बनाने की चाल चली लेकिन रवि की एलानिया जंग अब शांता कुमार के खिदमतगार के तौर पर मशहूर विधानसभा अध्यक्ष परमार को मंहगी साबित होने वाली है। कहा जा रहा है कि रवि की राजनीति का कबाड़ा करने की इस मुहिम में सरकार और संगठन ने विधायक प्रकाश राणा को अपने कुनबे में शामिल कर धूमल के समधी और पूर्व मंत्री ठाकुर गुलाब



सिंह के साथ छतीसगढ़ और मध्यप्रदेश के प्रभारी अजय जम्वाल के भाई पंकज जम्वाल को भी जोगिंद्रनगर में ठिकाने लगाने के बंदोबस्त किया है।

इधर निजी तौर पर शांता को खटकने वाले रवि 1993 से लेकर 2012 तक निरंतर पांच दफा कांग्रेस पर कहर ढहा चुके थे मगर पिछले चुनाव के टिकट बंटवारे के दौरान वरिष्ठ नेता शांता कुमार की ओर से संगठन में काम करने की राय सामने आने के बाद सियासी शहादत से धूमल ने रवि को देहरा में बचा लिया तो लिया मगर पराये क्षेत्र का चुनावी निर्णय हर लिहाज से उनके लिए इतना जोखिमकारी साबित हुआ कि अब राणा के जरिए इस बार जय राम ने रवि की नाकेबंदी कर दी है। इससे आहत क्षेत्रीय राजनीति के सबसे बड़े राजपूत क्षत्रप रवि की ओर से पार्टी के लिए सार्वजनिक हुकार सामने आ गई है। कहा जा रहा है कि शांताई शाप से ग्रसित अश्वत्थामा की तरह भटक रहे रवि को कांग्रेस की ओर से सुलाह में स्थाई ठौर का न्योता है। जाहिर है, वफादारों की राय के बाद रवि के इरादे पिछली पराजय के बाद सियासत में घुटने टेकने की बजाय चुनावी भिड़ंत के हैं। देहरा में पार्टी काडर की किनाराकशी से राणा का हश्र तो सामने दिख रहा तो फिर परमार का क्या होगा?




www.readwhere.com